सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 11 | इंदौर, बुधवार 23 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अनुपम खेर ने की भेंट, सीएम बोले-**

## फिल्म तन्वी द ग्रेट मप्र में कर मुक्त होगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** अभिनेता और फिल्म निर्देशक अनुपम खेर ने मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में शिष्टाचार भेंट की। खेर भोपाल में आयोजित अपनी नई फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के विशेष प्रदर्शन के अवसर पर राजधानी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने अनुपम खेर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान फिल्म की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त और बाल कलाकार विराज अग्रवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपम खेर को एक उद्देश्यपूर्ण और प्रेरणादायी फिल्म के निर्माण के लिए हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, "फिल्म जैसे सशक्त माध्यमों से समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव की लहर उत्पन्न की जा सकती है। 'तन्वी द ग्रेट' जैसी फिल्में समाज को जागरूक और प्रेरित करने का कार्य करती हैं।

**विजयवर्गीय बोले-**

## बिजली दरों की चिंता है तो सोलर एनर्जी अपनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी।** मध्यप्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने के बाद आ रहे ज्यादा राशि के बिजली बिलों के बीच मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोलर एनर्जी को लेकर बयान दिया। उन्होंने मंगलवार को कैबिनेट बैठक के बाद कहा- अगर किसी को बिजली की दरों को लेकर चिंता है, तो वह सोलर एनर्जी की ओर रुख करे। सोलर से न केवल खुद के लिए सस्ती बिजली मिल सकती है, बल्कि इसे बेचकर आमदनी भी की जा सकती है। विजयवर्गीय कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सोलर सूर्यघर योजना के तहत आमजन को सस्ती सौर ऊर्जा की सुविधा दी है। इसका लाभ उठाया जा सकता है। मंत्री ने यह बात मीडिया के सवाल के जवाब में कही, जिसमें पूछा गया था कि क्या रीवा सोलर प्लांट से दिल्ली मेट्रो को दी जा रही बिजली की दर में बदलाव को लेकर कोई निर्णय लिया गया है? इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 से 19 जुलाई तक हुई अपनी दुबई-स्पेन निवेश यात्रा की जानकारी मंत्रियों को दी।

**ग्वालियर में भीषण हादसा**

# तेज रफ्तार कार ने कांवड़ियों को कुचला, चार की मौत

◆ कई गंभीर रूप से हुए घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** आगरा-मुंबई नेशनल हाइवे पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। शीतला माता मंदिर गेट के पास एक बेकाबू तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे कांवड़ियों के एक समूह को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में चार कांवड़ियों की जान चली गई, जिनमें तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं कार में सवार सभी लोग भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और तनाव की स्थिति बन गई, जिसे संभालने के लिए शहर के चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

### तेज रफ्तार कार ने रौंदा जत्था, झाड़ियों में जा पलटी गाड़ी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात करीब 1 बजे कांवड़ियों का जत्था शीतला माता मंदिर के पास हाईवे किनारे से गुजर रहा था, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू हो गई और कांवड़ियों को रौंदते हुए हाईवे से नीचे झाड़ियों में जा गिरी। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही कई कांवड़िए दूर जाकर गिरे और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### मारे गए सभी कांवड़िए एक ही गांव के

हादसे में जान गंवाने वाले सभी कांवड़िए ग्वालियर के घाटीगांव क्षेत्र की सिमरिया पंचायत के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान पूरन बंजारा निवासी सीडना का चक सिमरिया, रमेश बंजारा, दिनेश बंजारा (दोनों निवासी सिमरिया) और धर्मेंद्र उर्फ छोटू निवासी घाटीगांव के रूप में हुई है। हादसे में कई अन्य कांवड़िए घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल ग्वालियर के जेएएच ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

### महादेव के जलाभिषेक के लिए ला रहे थे गंगाजल

जानकारी के मुताबिक घाटीगांव के सिमरिया पंचायत से एक ही समाज के लोग दो दिन पहले कांवड़ यात्रा पर निकले थे। ये सभी भदावना से गंगाजल भरकर घाटीगांव लौट रहे थे। बुधवार को गंगाजल से महादेव का अभिषेक किया जाना था, लेकिन उससे पहले ही ये हादसा हो गया। पुलिस अधिकारियों की शुरुआती जांच में सामने आया है कि कार का टायर अचानक फट गया था, जिससे ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और गाड़ी बेकाबू होकर कांवड़ियों को कुचलते हुए पलट गई। हालांकि कार में एयरबैग खुलने की वजह से उसमें सवार लोगों की जान बच गई। वे भी घायल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### तनाव के हालात, भारी पुलिस बल तैनात

हादसे के बाद मौके पर तनाव का माहौल बन गया। जैसे ही हादसे की सूचना आसपास के गांवों में फैली, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल शहर के कई थानों का फोर्स मौके पर बुला लिया और हालात पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कार को कब्जे में ले लिया गया है और ड्राइवर से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हादसे के वक्त कार में कौन-कौन सवार था और कहां से आ रही थी।

**नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक, महापौर ने कहा**

# फुटपाथ से कब्जे हटें ई-रिक्शा पॉलिसी और मोबाइल कोर्ट बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर साल 2019 में उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ में लगी जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। महापौर ने अधिवक्ता के रूप में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच के समक्ष प्रस्तुत होकर पक्ष रखा। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने शहर की यातायात व्यवस्था से जुड़े मामलों में महापौर पुष्यमित्र भार्गव को न्याय मित्र नियुक्त किया है।**

महापौर भार्गव ने बताया कि न्यायालय ने उन्हें यातायात से जुड़े मुद्दों पर सहयोग के लिए न्याय मित्र के रूप में आमंत्रित किया था। इस दौरान उन्होंने अपने सुझाव और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि 35 लाख की



जनसंख्या और लगभग समान संख्या में वाहनों वाले शहर में नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने ई-रिक्शा पॉलिसी बनाने, को-ऑर्डिनेशन कमेटी गठन, फुटपाथ से कब्जे हटाने और मोबाइल कोर्ट शुरू करने के सुझाव दिए। महापौर ने यह भी कहा कि यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कुछ कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता है, जिन्हें सरकार और प्रशासन मिलकर जल्द लागू करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि ई-चालान और ट्रैफिक रेगुलेशन को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा भी महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए जाएंगे। पैरवी के दौरान इंदौर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह और नगर निगम की ओर से आयुक्त शिवम वर्मा भी न्यायालय में उपस्थित रहे। महापौर ने ई-रिक्शा के संचालन को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के अनुरूप स्पष्ट नियम बनाए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने 'ट्रैफिक मित्र' जैसे अभियानों को और तेजी से बढ़ाने की बात कही। टू-व्हीलर चालकों द्वारा नियम उल्लंघन पर जारी चालानों की वसूली के लिए उच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि हर साल वाहन बीमा के समय बकाया चालान वसूले जाएं। महापौर ने बताया कि न्यायालय ने सभी संबंधित विभागों (जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम) के बीच बेहतर समन्वय के लिए एक स्थायी समिति गठित किए जाने का सुझाव दिया है, जो नियमित बैठकों के माध्यम से यातायात संबंधी समस्याओं का समाधान करे। उन्होंने बताया कि शहर में नए ब्रिज, सड़कें और मेट्रो जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है, लेकिन ट्रैफिक इंजीनियरिंग के लिहाज से कॉलेज, कोचिंग और हॉस्टल क्षेत्रों की पार्किंग व्यवस्था, ऑन-स्ट्रीट और ऑफ-स्ट्रीट पार्किंग जैसे मुद्दों पर नए नियम बनाना जरूरी है।

# गड्ढों में बैठकर कांग्रेस ने गाए भजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सोमवार को हुई बारिश के बाद शहर की सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई है। कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं, जिससे आमजन का चलना मुश्किल हो गया है। गड्ढों और कीचड़ से सड़कें दुर्घटना संभावित बन गई हैं। इस स्थिति को लेकर कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया।

मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने खजराना चौराहे की सर्विस रोड पर गड्ढों में बैठकर भजन गाए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि यह प्रदर्शन भाजपा नगर निगम परिषद और नगर निगम



अधिकारियों को सद्बुद्धि देने के उद्देश्य से किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पूरे इंदौर में जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं और इन गड्ढों में पानी भरा हुआ है। इन हालातों से परेशान होकर कांग्रेस ने यह सांकेतिक प्रदर्शन किया है। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित नगर निगम परिषद और अधिकारी कुंभकरण की नींद में सोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं कहीं ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए खुदाई हुई है तो कहीं नर्मदा प्रोजेक्ट के नाम पर सड़कें अधूरी छोड़ दी गई हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि जब देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में बाहर से आने वाले लोग टूटी-फूटी सड़कों को देखते हैं, तो शहर की छवि खराब होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गड्ढे इतने गहरे हैं कि वहां से निकलना भी मुश्किल है और यह वाहन चालकों के लिए रोजाना की परेशानी और दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। कुछ स्थानों पर ड्रेनेज का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और अन्य जगहों पर खुदी सड़कों से उड़ने वाली धूल लोगों की सेहत पर असर डाल रही है। उन्होंने तंज कसा कि स्वच्छता में इंदौर नंबर वन हो सकता है, लेकिन गड्ढों के मामले में इंदौर जीरो है।

छात्रावास में बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर कलेक्टर ने लिया त्वरित संज्ञान

## एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर की निगरानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले के डॉ. अम्बेडकर नगर महू स्थित अनुसूचित जनजाति छात्रावास में बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने की सूचना पर कलेक्टर आशीष सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एसडीएम राकेश परमार को मौके पर तुरंत भेजा।**

एसडीएम श्री परमार ने तत्परता दिखाते हुए सिविल अस्पताल पहुंचकर सभी बच्चों से बातचीत की और इलाज की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल स्टाफ से समन्वय कर बच्चों को समुचित चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने बताया कि कुल 20 बच्चों की तबीयत बिगड़ने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत 13 बच्चों की स्थिति सामान्य होने पर उन्हें हॉस्टल भेज दिया गया है। शेष 7 बच्चे अभी डॉक्टरों की सतत निगरानी में अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत अब सामान्य है। आगामी जांच की कार्यवाही जारी है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी छात्रावासों की स्थिति का निरीक्षण करने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# रोटरी की नई टीम में युवाओं को मिलेगा ग्लोबल मंच

**रोटरी की नई टीम में इस बार युवाओं को ग्लोबल मंच दिया जाएगा। इसके साथ रक्तदान और हरियाली बढ़ाने जैसे विषयों पर फोकस किया जाएगा। रोटरेक्ट डिस्ट्रिक्ट 3040 की नई डिस्ट्रिक्ट रिप्रजेंटेटिव (डीआरआर) उदिता राजकोटिया सिंह का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इसमें इन सभी बातों को प्रमुखता से बताया गया। देशभर के रोटेरियन इसमें शामिल हुए।**

ब्लिक इमेज चेयरपर्सन घनश्याम सिंह ने बताया कि उनके नेतृत्व में इस वर्ष कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जाएंगी। इसमें सबसे प्रमुख है मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव, जिसमें एक दिन में 2000 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है। यह आयोजन दिल्ली में होगा, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और क्रिकेटर शिखर धवन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, रोटरेक्ट वन अभियान के तहत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वृक्षारोपण, स्वच्छता और ग्रीन अवेयरनेस पर कार्य किया जाएगा। इस समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट के कई प्रमुख पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा, डीआरसी राकेश शारदा, आईपीडीजी अनीश मालिक, संजीव गुप्ता, रूबी मल्होत्रा, आशित राजकोटिया, अर्चना राजकोटिया, आराधना सहाय, ललित सिंह समेत अनेक सदस्य मौजूद थे। डीआरआर उदिता राजकोटिया सिंह इस वर्ष युवा ऊर्जा, नेतृत्व और सेवा के माध्यम से रोटरेक्ट जिला 3040 को नई दिशा देने जा रही हैं। उनका मानना है कि 'सेवा, नेतृत्व और बदलाव की भावना जब युवाओं के साथ जुड़ती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित होता है।' रोटरेक्ट क्लब इस वर्ष समाजसेवा, जागरूकता और वैश्विक नेतृत्व जैसे विषयों पर कई बड़े और सार्थक प्रोजेक्ट्स को अंजाम देगा।



## मिलने घर के बाहर बुलाया और हाथ पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एक युवती से छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में खजराना पुलिस ने बंगाली कॉलोनी निवासी आयुष पुत्र पीयूष कनासे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मामला एक तरफा प्यार का है।

पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि आयुष से उसका परिचय है। सोमवार रात उसका कॉल आया और उसने मिलने की इच्छा जताई। मैंने बहुत रात होने का तर्क देकर मिलने से इंकार कर दिया। तब तक वह घर के पास आ गया था और मुझे बाहर बुलाया। मैं पहुंची, तो उसने कहा कि वह मुझे पसंद करता है। पुलिस ने बताया कि इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई और युवती ने आरोपी को घर से जाने को कहा, तो वह नाराज हो गया। उसने युवती का हाथ पकड़ लिया और अपनी ओर खींचने लगा। हाथ छुड़ाने की कोशिश कर रही युवती से आरोपी ने मारपीट कर दी। जिससे युवती की दोनों आंखों में चोट आई है। शोरशराबा सुनकर युवती के परिजन घर से बाहर निकल आए और परिजनों को देखे आरोपी भाग खड़ा हुआ। इसके बाद परिजनों के साथ युवती थाने पहुंची और आरोपी आयुष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

## टेबल टेनिस में शहर के सीनियर सिटीजन ने दिखाया दम




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में हुए अनूठे आयोजन का समापन हो गया। शहर के सीनियर सिटीजन के लिए टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन किया गया था। तीन दिवसीय आयोजन में 34 बुजुर्गों महिला-पुरुषों ने भागीदारी की। महिलाओं में ममता शर्मा तो पुरुषों में नीरज चौबे ने विजेता का खिताब हासिल किया।**

बता दें कि तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन बेहद उत्साहपूर्ण और उल्लासमय माहौल में हुआ। इसमें 34 वरिष्ठ नागरिकों (26 पुरुष व 8 महिलाओं) ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। खेल और जुनून की कोई उम्र नहीं होती, यह साबित करते हुए एवं तीन दिनों तक एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देते हुए, महिला वर्ग के फाइनल मैच में ममता शर्मा ने विजेता का खिताब जीता, जबकि रेखा खरे उपविजेता रहीं। वहीं, पुरुष वर्ग में रोमांचक मुकाबला करते हुए, नीरज चौबे विजेता और सुरेश शिंदे उपविजेता रहे। आनंदम सीनियर सिटीजन सेंटर में आयोजित एक विशेष समारोह में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आनंदम अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सचिव एसबी खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य एमके मिश्रा एवं विजय शर्मा और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। अनिल जैन, टेबल टेनिस, कोऑर्डिनेटर ने उनकी टीम लाजपत चोपड़ा, चंद्रशेखर शर्मा, नीरज चौबे और कविराज को कार्यक्रम की सफलता श्रेय देते हुए उनका धन्यवाद किया।

दस्तक अभियान का शुभारंभ

## बाल सुरक्षा के लिए सेहत की दस्तक

### अभियान 16 सितम्बर 2025 तक चलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश के साथ-साथ इंदौर जिले में भी दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 05 वर्षीय रोहन एवं दिव्या को ओआरएस एवं जिंक टेबलेट दी, 09 माह की इनाया नूर को विटामिन-ए का अनुपूरण किया गया।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने हुकुमचंद अस्पताल में दीप प्रज्वलन कर अभियान का शुभारंभ किया। उपसंचालक शिशु स्वास्थ्य डॉ. हिमानी यादव ने आज इंदौर जिले में दस्तक अभियान के दौरान प्रदान की जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने ने ईमली बाजार स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र और अलशिफा क्लिनिक सदर बाजार क्षेत्र में गई मैदानी कार्यकर्ताओं तथा हितग्राहियों से संवाद किया और अभियान के दौरान 0 से 05 तक के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का आग्रह किया। डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि दस्तक अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर कार्य होंगे। इसके लिए आशा, आंगनवाड़ी तय एएनएम के माध्यम से जिले में चिंहित 0 से 5 साल तक के बच्चों तक घर-घर पहुँचा जायेगा। खासकर हाईरिस्क एरिया, अर्बन स्लम, पहुँचविहीन क्षेत्रों, खानाबदोश आबादी, ईंट भट्टे, बंजारा आबादी तया निर्माणाधीन भवनों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान के दौरान सतत मॉनिटरिंग होगी। यह अभियान 16 सितम्बर 2025 तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य बाल एवं शिशु दर में कमी लाना, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकयाम 05 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देना।

# इंदौर में भी ओलंपिक लेवल का मल्टी-परपज स्टेडियम बनेगा

## 2036 ओलिंपिक के लिए मजबूत होगी दावेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** साल 2036 में होने वाले ओलिंपिक गेम्स के लिए भारत मजबूत दावेदारी कर रहा है। अहमदाबाद के साथ ही इंदौर में भी ओलंपिक लेवल का मल्टी-परपज स्टेडियम तैयार किया जा रहा है। इसमें क्रिकेट, हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों की गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) शहर के सुपर कॉरिडोर पर 1000 करोड़ रुपए की लागत से यह भव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने स्कीम नंबर 151 और 159 में कुल 22 हेक्टेयर भूमि आरक्षित कर ली है। प्राधिकरण का दावा है कि यह खेल परिसर 5 स्टार रेटिंग वाला होगा और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रहेगा।

हाल ही में भारत ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) के सामने पेश किया है। भारत की तरफ से ओलिंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और IOA अध्यक्ष पीटी ऊषा सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने IOC के सामने अपनी बात रखी। भारत की ओलिंपिक कमेटी



ने कहा, अहमदाबाद में ओलिंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलिंपिक देखने का मौका मिलेगा। साथ ही भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देते हुए ओलिंपिक को दुनियाभर के लोगों के लिए एक परिवार जैसा अनुभव बनाया जाएगा। 2036 ओलिंपिक की दौड़ में भारत के साथ सऊदी अरब, इंडोनेशिया, तुर्किये (टर्की) और चिली जैसे देश भी दावेदारी कर रहे हैं।

आईडीए के सीईओ रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आउटडोर गेम्स के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे ड्रामा और म्यूजिक इवेंट के लिए भी विशेष पवेलियन बनाए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। निर्माण से पहले आईडीए इस प्रोजेक्ट की ब्रांडिंग और मार्केटिंग देशभर में करेगा, ताकि बेहतर निवेशक और पार्टनर मिल सकें। यह नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सुपर कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टार्टअप कॉम्प्लेक्स के पास विकसित किया जाएगा, जिससे टेक्नोलॉजी और स्पोर्ट्स का अनूठा संयोजन हो सके। वर्तमान में इंदौर में नेहरू स्टेडियम को छोड़कर कोई भी ऐसा बहुउद्देशीय खेल परिसर नहीं है, जहां कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल एक साथ संचालित किए जा सकें। इस नए कॉम्प्लेक्स से शहर को एक बड़ा खेल इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स की मेजबानी की संभावना भी बढ़ेगी। प्रस्तावित स्टेडियम की दर्शक क्षमता 60,000 से 70,000 तक होगी। इसे ओलिंपिक स्टाइल में डिजाइन किया जाएगा, जिसमें एक ही परिसर में कई प्रकार की खेल गतिविधियों को संचालित किया जा सकेगा। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंदौर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर मजबूत स्थान दिलाने में सहायक साबित होगा।

इस सप्ताह प्राधिकरण की बोर्ड बैठक संभव है, जिसमें दो महत्वपूर्ण टेंडरों को मंजूरी दी जाएगी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए भी एक दर्जन टेंडर प्राप्त हुए और इसमें भी सबसे न्यूनतम दर का टेंडर 1 करोड़ 98 लाख का प्राप्त हुआ, जो कि लगभग 28 फीसदी कम का आया है। वहीं एमआर-10 के फोरलेन के फ्लायओवर के बगल में ही प्राधिकरण एक और नया फोरलेन का फ्लायओवर बनाने जा रहा है, जिसके लिए 8 ठेकेदार फर्मों ने हिस्सा लिया। एक ठेकेदार का टेंडर अपात्र पाया गया। वहीं बचे 7 टेंडरों में से सबसे कम दर साढ़े 42 करोड़ रुपए से अधिक की प्राप्त हुई है, जिस पर जीएसटी अलग से लगेगा। प्राधिकरण सीईओ आरपी अहिरवार के मुताबिक इसी तरह प्राधिकरण योजना 94 रिंग रोड पर अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल के पास ही स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्मित करने जा रहा है, जिसके लिए एक दर्जन टेंडर मिले हैं। जल्द ही इन्हें मंजूरी दी जाएगी।

# सोनम रघुवंशी को अपने किए का कोई पछतावा नहीं

## सिलाई और कौशल विकास के काम सिखाए जाएंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर/शिलांग। राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी एक महीने से शिलांग जेल में बंद है। हनीमून के दौरान प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रचने वाली सोनम रघुवंशी को अपने किए का कोई पछतावा नहीं है। जेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक महीने से जेल में बंद होने के बाद भी अब तक उसे न तो अपने किए पर कोई पछतावा हुआ है और न ही उसके परिवार का कोई सदस्य उससे मिलने आया है।**

सूत्रों के अनुसार, सोनम ने जेल के माहौल में खुद को ढाल लिया है और अन्य महिला कैदियों के साथ अच्छी तरह घुल-मिल गई है। उन्होंने बताया कि वह हर सुबह ठीक समय पर उठती है और जेल मैनुअल का पालन करती है। सोनम रघुवंशी जेल प्रशासन और दूसरे कैदियों से अपने निजी जीवन और राजा रघुवंशी के हत्या के बारे में कोई बात नहीं करती है। वह जेल वॉर्डन ऑफिस के पास बने बैरक में दो विचाराधीन महिला कैदियों के साथ रहती है। एक महीने का समय जेल में रहने के बाद भी सोनम को अभी तक जेल के अंदर कोई विशेष काम नहीं सौंपा गया है। सूत्रों का कहना है कि अभी उसे सिलाई और कौशल विकास से जुड़े कई काम सिखाए जाएंगे। जेल में बंद सोनम रघुवंशी को रोजाना टीवी देखने की सुविधा मिली हुई है। जेल के नियमों के अनुसार, सोनम को अपने परिवार के सदस्यों से मिलने और बात करने की अनुमति है, लेकिन किसी ने उससे मुलाकात या फोन नहीं किया है। शिलांग जेल में कुल 496 कैदी बंद हैं। जिनमें से 20 महिलाएं हैं। हत्या के आरोप में जेल में बंद सोनम रघुवंशी दूसरी महिला कैदी है। जेल प्रशासन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सोनम पर नजर रखता है। बता दें कि राजा और सोनम रघुवंशी की शादी 11 मई को हुई थी। नौ दिन बाद दोनों 20 मई को मेघालय में हनीमून मनाने के लिए गए थे। उसके बाद दोनों लापता हो गए थे। राजा रघुवंशी का शव 2 जून को एक खाई में मिला जिसके बाद मामले में नया मोड़ आया। 7 जून को सोनम रघुवंशी गाजीपुर के एक ढाबे पर बेहोशी की हालत में मिली थी। मामले का खुलासा हुआ तो यह जानकारी सामने आई की सोनम ने ही अपने प्रेमी राज के साथ मिलकर हत्या की पूरी प्लानिंग की थी। मेघालय पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए सोनम रघुवंशी, उसके प्रेमी राज सहित बाकी तीन हत्यारों को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस के अनुसार, राजा की हत्या के बाद सोनम इंदौर आई थी और करीब एक सप्ताह तक यहां ठहरी थी।

## निगमायुक्त बोले-

# भराव की स्थिति में जल्दी हो जल निकासी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बारिश के चलते इंदौर में जल भराव की समस्या अलग-अलग जगहों से सामने आने लगी है। सोमवार को खजराना चौराहे के समीप पानी भर गया था। खजराना मंदिर सर्विस रोड पर गड्ढे में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी।**

इस पर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा- वहां पर रोड निर्माणाधीन है, पानी नहीं निकल पाया था। उसका काम भी तीन



दिन में पूरा करा कर कोशिश कर रहे है कि वहां भी व्यवस्था ठीक हो जाए। नगर निगम आयुक्त ने जल भराव को लेकर कहा कि जल भराव को लेकर हमने काफी काम किया है। इंडस्ट्री हाउस चौराहा, गिटार चौराहा यहां पिछले समय में काफी काम किया है, जिससे यहां जल भराव कम हो रहा है। इसके लिए उपाय किए गए हैं। हालांकि तेज बारिश आएगी तो थोड़ी देर के लिए जरूर पानी होगा, लेकिन हमारी कोशिश है कि पानी जल्दी से निकल जाए। इसके लिए स्ट्रॉम वाटर ड्रेन को ठीक किया है। साफ-सफाई भी लगातार जारी है। कुछ जगह हमने विशेष प्रबंध किए है। जहां आसपास नदी या नाले है वहां पानी को डायवर्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बस ड्राइवर और कंडक्टर को सड़क पर थूकना पड़ा भारी

**इंदौर।** बस कंडक्टर और चालक को गुटका खाकर सड़क पर थूकना महंगा पड़ा। एमआइसी सदस्य ने दोनों की हरकत देखी तो तुरंत बस रुकवाकर चालानी कार्रवाई की। कंडक्टर और चालक को चेतावनी भी दी गई कि भविष्य में गलती दोहराई तो और कड़ी कार्रवाई होगी। एमआइसी सदस्य मनीष शर्मा मामा ने बताया कि वे नवलखा चौराहा से गुजर रहे थे कि उन्होंने देखा कि एक यात्री बस का चालक और कंडक्टर दोनों गुटखा खाकर बस से बाहर सड़क पर थूक रहे थे। इससे सड़क से गुजर रहे लोगों को खासी परेशानी हो रही थी और स्वच्छता भी प्रभावित हो रही थी। एमआइसी सदस्य मनीष शर्मा ने तत्काल बस रुकवाई। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे गए। मौके पर ही कार्रवाई करते हुए चालक एवं कंडक्टर पर सार्वजनिक स्थान पर थूकने, गंदगी फैलाने और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने के तहत चालानी कार्रवाई की गई। बता दें कि इंदौर हाल ही में लगातार आठवीं बार देश का सबसे साफ शहर बना है। लेकिन यह उपलब्धि यूं ही इंदौर शहर को नहीं मिली है। बल्कि इसके पीछे इंदौर के लोगों के अनुशासन, साफ-सफाई के प्रति लग्न और इंदौर नगर निगम के प्रयासों से मिली है। ऐसे में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिससे यह समझा जा सकता है कि इंदौर क्यों साफ सफाई में नंबर वन है।

# आज से शुरू होगी मुंबई से इंदौर के लिए तेजस ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से मुंबई की बीच यात्रा करने के लिए अब यात्रियों को एक और ट्रेन का विकल्प मिल गया है। बुधवार से इस रुट पर रेल विभाग तेजस ट्रेन का संचालन शुरू कर रहा है। यह ट्रेन अब और आसान होगा। रेल विभाग ने इंदौर से मुंबई के बीच सुपर फास्ट तेजस ट्रेन चलाने की तैयारी कर ली है।23 जुलाई से 30 अगस्त तक इस ट्रेन का संचालन किया जाएगा।**

यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी। इसका किराया इंदौर-मुंबई के बीच चलने वाली अवंतिका एक्सप्रेस से से ज्यादा है, लेकिन यात्रा में अवंतिका से भी ज्यादा समय लेगी। इस ट्रेन का एसी-3 टियर का किराया एक हजार 805 रुपये है, जबकि एसी-2 टियर का किराया दो हजार 430 रुपये है। एसी फर्स्ट क्लास का किराया तीन हजार 800 रुपये रखा गया है। राखी त्योहार के समय शुरू की गई इस स्पेशल ट्रेन की बुकिंग 21 जुलाई से शुरू हो गई थी। ट्रेन मंगलवार को मुंबई से रवाना होगी और बुधवार सुबह इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन में यात्रियों को आटोमेटिक डोर व वाईफाई की सुविधा मिलेगी। यह स्पेशल ट्रेन ( संख्या 09085) हर मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को इंदौर से शाम पांच बजे रवाना होगी। ट्रेन अगले दिन सुबह सात बजे तक मुंबई पहुंचेगी। मुंबई सेंट्रल से यह ट्रेन रात को 11.20 बजे रवाना होगी, जो सुबह 11 बजे तक इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का फायदा गुजरात जाने वाले यात्रियों को भी होगा। ट्रेन का ठहराव सूरत, वड़ोदरा, दाहोद, रतलाम और उज्जैन रहेगा। दूरंतो ट्रेन सूरत व वापी में नहीं रुकती है।

# भाग्यवान बनना या भगवान बनना साध्वी भाग्ययशाश्रीजी म.सा.



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भाग्यवान तो हम है ही क्योंकि भाग्य के द्वारा ही श्रेष्ठ मनुष्य जन्म, जैन कुल प्राप्त हुआ है, सत्समागम भी प्राप्त हुआ है। परन्तु इस भव में यदि मैंने स्व एवं पर का कल्याण नहीं किया और बाहर ही बाहर रहा और श्रावक के कार्य नहीं किए तो हाथ मलता रह जावेगा। अतः हमें प्रतिदिन देव की पूजा, गुरु की उपासना, स्वाध्याय, संयम, तप, ध्यान करते रहना चाहिए जिससे मैं भी कभी चारों गति का नाश कर भगवान बन सकता हूं।

उक्त उद्गार साध्वी महायशा श्रीजी म.सा. ने महावीर बाग में व्यक्त किए। तत्पश्चात भव्य नाकोड़ा भैरव पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राकेश चौरड़िया, सुरेश सकलेचा, चेतन लुणावत, सुशील तातेड़, प्रकाशचंद फाफरिया, बहादुरसिंह कोचर, ललित भंडारी, श्रीमती जसवंती फाफरिया, श्रीमती रूचि बाफना श्रीमती जसवंती फाफरिया आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी खतरगच्छ श्री संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र मेहता एवं सचिव सतीश हुंडिया ने दी।

# साइबर ठगों के शिकंजे से मुक्त हुआ व्यापारी, 8 साल तक किया था डिजिटल अरेस्ट

## CBI अधिकारी व जज बनकर ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी।** अनूपपुर के कोतमा पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले गिरोह के एक शातिर आरोपी सौरभ शर्मा (32) को विदिशा से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यह गिरोह बीते 8 वर्षों से भाजपा नेता अवधेश ताम्रकार के पुत्र एवं व्यवसायी आशीष ताम्रकार (53) को डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख रुपये की ठगी कर चुका था। आरोपी सौरभ शर्मा के खिलाफ धारा 419, 420, 34 IPC के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

### सीबीआई अधिकारी और जज बनकर ठगी

थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने बताया कि आरोपियों ने सीबीआई अधिकारी, हाईकोर्ट के वकील, पुलिस अफसर और जज बनकर व्यवसायी से बातचीत की। फर्जी पहचान और डराने-धमकाने की रणनीति के जरिए उसे डिजिटल अरेस्ट




किया गया और अलग-अलग खातों में 45 लाख रुपये डलवाए गए। घटना की शिकायत कोतमा थाने और पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के समक्ष की गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए दो विशेष टीमों का गठन किया गया, जिनकी मदद से आरोपी सौरभ शर्मा को विदिशा से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से लैपटॉप, मोबाइल और कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

### इस तरह शुरू हुई ठगी

पीड़ित आशीष ताम्रकार की नगर में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान है और वह वायदा बाजार में भी निवेश करता था। वर्ष 2017 में उसके द्वारा निवेश की गई राशि में से 23 लाख रुपये मिलने वाले थे, जिसकी भनक आरोपियों को लग गई। इसके बाद एक व्यक्ति गौरव राजपूत ने खुद को वायदा बाजार से जुड़ा बताकर संपर्क किया और धीरे-धीरे संबंध बनाते हुए आरोपियों ने आशीष ताम्रकार को नीमच थाने का अधिकारी बनकर संपर्क किया। उन्हें विश्वास दिलाया गया कि उसकी रकम हवाला की है और वह कानूनी पचड़े में फंस सकता है। इसके बाद लगातार अलग-अलग नंबरों से कॉल कर सीबीआई, हाईकोर्ट, पुलिस अफसर बनकर धमकियां दी गईं और उसे डिजिटल अरेस्ट कर डराते हुए 8 वर्षों तक ठगी की जाती रही। आरोपियों ने वीडियो कॉल्स के जरिए पुलिस सायरन, नकली वर्दी और पहचान पत्र दिखाकर डर का माहौल बनाया।

### मुख्य सरगना की हो चुकी है हत्या

इस गिरोह का मुख्य सरगना महेंद्र शर्मा (26) था, जिसकी वर्ष 2022 में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह विदिशा सहित कई जिलों में 30 से अधिक मामलों में आरोपी था। गिरोह का दूसरा सदस्य रवि डेहरिया की दो माह पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है।

### भोपाल से चलाते थे फर्जी कंपनियां

आरोपियों ने साइबर ठगी को अंजाम देने के लिए भोपाल में 'आर.बी. ट्रेडर्स', 'तिरुपति फिनटेक' जैसी फर्जी कंपनियां बनाई थीं, जिनके जरिए वे खुद को प्रतिष्ठित व्यवसायी और कानूनी संस्थाओं से जुड़ा हुआ दिखाते थे। जब भोपाल में फर्जीवाड़े की भनक लगी तो गिरोह ने विदिशा में नई कंपनी शुरू की। गिरफ्तार आरोपी सौरभ शर्मा न सिर्फ साइबर ठगी में सक्रिय था, बल्कि वह निजी ठेकेदारी और जमीन दलाली का काम भी करता था। पुलिस अन्य फरार आरोपियों जैसे लकी कुमावत (सतवास पुनासा, जिला खंडवा) और चित्रांश ठाकुर की तलाश कर रही है। उनके खिलाफ भी जांच तेज कर दी गई है।

### इन अफसरों की रही प्रमुख भूमिका

पूरे मामले की निगरानी पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने स्वयं की। कार्रवाई में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला, विवेचक श्यामलाल मरावी, लालजी श्रीवास्तव, रामखेलावन यादव, मनोज उपाध्याय, राजेंद्र अहिरवार और पंकज मिश्रा की अहम भूमिका रही।

**'8 वर्षों से डिजिटल अरेस्ट में फंसे व्यापारी को मुक्त कराया गया है। गिरफ्तार आरोपी शातिर है और उससे पूछताछ जारी है।'**

**-मतिउर रहमान, पुलिस अधीक्षक, अनूपपुर**

# विधानसभा के मानसून सत्र में आएगा जन विश्वास बिल 2.0

## 13 विभागों की 45 धाराएं होंगी संशोधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश सरकार विधानसभा के आगामी मानसून सत्र में जन विश्वास बिल 2.0 पेश करने जा रही है। यह बिल राज्य में पुराने और सख्त कानूनों को आसान बनाने की दिशा में एक और कदम है। खास बात यह है कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जो इस बिल का दूसरा चरण ला रहा है। इससे पहले जन विश्वास बिल 1.0 के तहत राज्य सरकार ने 5 विभागों के 8 कानूनों की 64 धाराओं में बदलाव किया था। अब बिल के दूसरे चरण में सरकार 13 विभागों के 23 कानूनों की कुल 45 धाराओं में संशोधन करने जा रही



है। बिल का उद्देश्य आम जनता और उद्यमियों को अनावश्यक कानूनी झंझटों से राहत देना है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इन प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा की और उन्हें अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिल का मुख्य उद्देश्य सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति को और बेहतर बनाना है, ताकि आम नागरिकों और व्यापारियों को सरल और न्यायसंगत प्रक्रिया का लाभ मिल सके।

**बिल में क्या होंगे अहम बदलाव?**- छोटी-मोटी गलतियों पर अब जेल नहीं होगी, बल्कि दंड या जुर्माने का प्रावधान रहेगा। एंटी मीजल्स वैक्सीनेशन एक्ट 1968 को हटाया जाएगा। यह कानून खसरा वैक्सीन को अनिवार्य बनाता था। गृह विभाग का एनाटॉमी एक्ट भी बदला जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग की नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 208 और नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 195 में संशोधन होंगे। मोटरयान कर नियमों में बदलाव कर जुर्माने की जगह दंड का प्रावधान किया जाएगा।

# मौलवी की दूसरी बीबी की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** मौलवी (हाफिज) की दूसरी बीबी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पत्नी की मौत की जानकारी मौलवी ने ही पुलिस और ससुरालवालों को दी। ससुरालवालों की शिकायत के बाद पुलिस ने मौलवी पर पत्नी की हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मैहर सिटी कोतवाली के सामने समीर मौलवी का मकान है। वे मीट और चिकन का कारोबार करते हैं। करीब 12 साल पहले उन्होंने सीमा नाम की महिला से दूसरी शादी की थी। सीमा और समीर के 11 और 8 साल के दो बेटे हैं। पहली पत्नी से उनके एक बेटी है। तलाक के बाद पहली पत्नी बेटी को लेकर प्रयागराज चली गई। मंगलवार तड़के मौलवी समीर ने रीवा अपनी ससुराल में साले सोहेल को फोन कर कहा कि तुम्हारी बहन सीमा (45) की मौत हो गई है। जब सोहेल ने अचानक मौत की वजह पूछी तो मौलवी समीर ने उसे बताया कि सीमा रात में बाथरूम में गिर गई थी।

# बुलेट में घुसा सांप, पेट्रोल टैंक के नीचे छिपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** बीए के छात्र की सांसें उस वक्त गले में अटक गईं, जब उसकी मोटरसाइकिल के पेट्रोल टैंक के नीचे जहरीला सांप छिपा नजर आया। आनन-फानन में स्नेक कैचर को मौके पर बुलाया गया। जिसने बड़ी मशक्कत के बाद सांप को पकड़ा। इस दौरान छात्र करीब दो घंटे तक उसी बाइक पर घूमता रहा, जिसमें सांप छिपा था। मामला सागर की डॉ. हरीसिंह गौर सेंट्रल यूनिवर्सिटी का है। यहां बीए में पढ़ने वाला लकी मंगलवार सुबह यूनिवर्सिटी पहुंचा। बुलेट पार्किंग में खड़ी करने के बाद क्लास में चला गया। लौटा तो गार्ड ने बताया कि उसकी बुलेट के पास सांप घूम रहा था। यह सुनकर लकी ने बाइक स्टार्ट कर धूप में खड़ी कर दी। उसे हिलाया-डुलाया लेकिन सांप नहीं दिखा। इस पर लकी ने सोचा कि सांप चला गया होगा। वह बाइक लेकर दोस्तों के साथ घूमने निकल गया। करीब दो घंटे तक शहर में घूमने के बाद गाड़ी धुलवाने के लिए लकी और उसके दोस्त सर्विस सेंटर पहुंचे। यहां मैकेनिक को पेट्रोल टैंक के नीचे छिपा सांप दिख गया। सर्विस सेंटर पर हड़कंप मच गया।




# 5 करोड़ से अधिक पौधों का किया रोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के आव्हान पर वन विभाग द्वारा प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जैव विविधता को बढ़ावा देने, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने, जलवायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और जल संचय करने के उद्देश्य से 71 हजार 682 हेक्टेयर में 5 करोड़ 35 हजार 872 पौधों का रोपण किया गया है। अभियान में 78 हजार 665 हेक्टेयर में कुल 5 करोड़ 25 लाख 40 हजार 158 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया था। अभी तक लक्ष्य के विरुद्ध 95.23 प्रतिशत पौधरोपण किया जा चुका है। वन विभाग की विभिन्न शाखाओं द्वारा पौधरोपण के लक्ष्य के विरुद्ध अनुसंधान एवं विस्तार शाखा द्वारा 115 हेक्टेयर में 82 हजार 108, बेम्बो मिशन में 1113 हेक्टेयर में 4 लाख 9 हजार 735, कैम्पा में 50 हजार 545 हेक्टेयर में 3 करोड़ 25 लाख 72 हजार 688, डेवलपमेंट में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

# तौलिया लपेट महिला को इंजेक्शन लगाते फर्जी डॉक्टर का वीडियो सामने आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी। छतपुर जिले के राजनगर विकासखंड के झमटुली के एक फर्जी डॉक्टर का वीडियो सामने आया है। इसमें वो तौलिया लपेट महिला के कूल्हे पर इंजेक्शन लगाता नजर आ रहा है।**

प्रतीश अधिकारी नाम का ये शख्स 25 साल से चांदसी अस्पताल के नाम पर प्रैक्टिस कर रहा है। इसके अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने तक की सुविधा के साथ मेडिकल स्टोर भी है।



ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जब भी कोई बीमार पड़ता है उसका इलाज कराने के लिए इन्हीं डॉक्टर के पास लेकर जाते हैं। अस्पताल में दो लोगों की मौत भी हो चुकी है। पिछले महीने एक मरीज को गलत इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। उसे ग्वालियर लेकर जाना पड़ा था। वहां मुश्किल से उसकी जान बची थी। राजनगर के प्रभारी बीएमओ अवधेश चतुर्वेदी का कहना है, उन्हें ग्रामीणों से वीडियो और शिकायत मिली है। वे जल्द ही कार्रवाई करेंगे। सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता ने भी मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संपादकीय

# धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे को लेकर विपक्ष वेट एंड वॉच की स्थिति में

राज्यसभा के पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर विपक्ष वेट एंड वॉच की स्थिति में है। विपक्ष का मानना है कि इस मुद्दे पर गेंद पूरी तरह से सरकार के पाले में है। सोमवार की तरह मंगलवार को कांग्रेस सहित विपक्ष अपने मुद्दों को लेकर पूरी तरह से आक्रामक नजर आया। हालांकि कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के पीछे उनके द्वारा बताए गए स्वास्थ्य कारणों के अलावा कोई और अधिक गहरे कारण हैं। कांग्रेस ने कहा कि धनखड़ का इस्तीफा उनके बारे में बहुत कुछ कहता है और साथ ही यह उन लोगों की नीयत पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है, जिन्होंने उन्हें उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचाया। हालांकि औपचारिक तौर पर कांग्रेस इसे बीजेपी के भीतर का मामला करार दे रही है। इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मीडिया में कहा कि इस्तीफा क्यों और कैसे हुआ, यह बीजेपी का अंदरूनी मामला है। इसमें हमें कुछ नहीं कहना। वहीं दूसरी ओर मॉनसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं की संसद भवन परिसर में एक अहम बैठक हुई, जहां सत्र के मद्देनजर अपनाई जाने वाली रणनीति और सदन में उठाए जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सतमाम विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में यह फैसला किया गया कि मॉनसून सत्र में इंडिया गठबंधन सरकार पर दबाव बनाएगा और देशहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को पूरे जोर-शोर से उठाया जाएगा। इन मुद्दों में पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम और व्यापार को लेकर दिए गए बयान, बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया, पड़ोसी देशों के साथ विदेश नीति व डिलिमिटेशन अहम हैं। बैठक में कहा गया कि इन सभी मुद्दों पर पीएम मोदी को सदन में आकर जवाब देना चाहिए और देश को स्पष्ट स्थिति बतानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने सरकार व सत्ता पक्ष से धनखड़ के इस्तीफे के पीछे के कारणों को लेकर निशाना साधा। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सरकार को साफ करना चाहिए कि जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया में कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा क्यों दिया। मैंने उपराष्ट्रपति का त्यागपत्र देखा है। उन्होंने सरकार का आभार जताया है।

### अर्ज किया है..!

मैं ने तो ब'अद में
तोड़ा था इसे
आईना मुझ पे
हँसा था पहले

-राजेश रेड्डी

## OSHO कहिन

"हर बच्चा एक कलाकार होता है, समस्या यह है कि बड़े होकर हम कलाकार बने रहते हैं या नहीं।"



## ज्ञान-विज्ञान

# सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण

## 6 मिनट 21 सेकंड तक छाया रहेगा दिन में अंधेरा
## साल 2114 तक नहीं देख पाएंगे ऐसा नजारा



अगर आप सदी के सबसे लंबे सूर्यग्रहण का अनुभव करना चाहते हैं तो तैयार हो जाइए। साल 2027 में एक दुर्लभ पूर्ण सूर्यग्रहण होने जा रहा है। इसे सदी की होने वाली सबसे महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाओं में से एक बताया जा रहा है। खगोलविदों के अनुसार 2 अगस्त 2027 को आसमान में पूर्ण सूर्यग्रहण का नजारा देखने को मिलेगा। यह एक असामान्य सूर्यग्रहण होगा और इस दौरान दुनिया के कुछ हिस्सों में दिन में ही अंधेरा छा जाएगा। यह सूर्यग्रहण अपनी लंबी अवधि के चलते बहुत खास हो जाता है, जो खगोलविदों को ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने का मौका देगा।

हालांकि, पूर्ण सूर्यग्रहण हर साल या फिर दूसरे साल में होता है, और सभी पूर्ण सूर्यग्रहण आकर्षक होते हैं लेकिन इतने लंबे समय तक दुनिया भर में इतने सारे लोगों को दिखाने देने के चलते यह बहुत खास हो जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसी घटना 100 वर्षों तक नहीं होने वाली है। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, 2 अगस्त 2027 को लगने वाले पूर्ण सूर्यग्रहण 6 मिनट 21 सेकंड का होगा। यानी इतने समय तक चंद्रमा इतने समय तक सूर्य के कोरोना को पूरी तरह ढंक लेगा और आसमान में अंधेरा फैल जाएगा।

### ◆ साल 2114 तक नहीं दिखेगा ऐसा सूर्यग्रहण

अधिकांश पूर्ण सूर्यग्रहण अक्सर तीन मिनट से भी कम समय के होते हैं और सूर्य के कोरोना की संक्षिप्त झलक की देते हैं। ऐसे में अगस्त 2027 में लगने वाला पूर्ण सूर्यग्रहण खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी बहुत खास है। अंधेरे की यह लंबी अवधि उन्हें अंतरिक्ष के दुर्लभ अवलोकन का मौका देगी। स्पेस डॉट कॉम के अनुसार, यह 1991 से 2114 के बीच धरती से दिखाई देने वाला सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

### ◆ इतना लंबा सूर्यग्रहण क्यों हो रहा ?

इसे समझने के लिए सूर्यग्रहण के कारणों को समझना होगा। सूर्यग्रहण उस खगोलीय घटना को कहते हैं, जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी क्रमशः एक सीध में होते हैं। 2 अगस्त 2027 को पृथ्वी सूर्य से अपने सबसे दूर बिंदू पर होगी। इसके चलते सूर्य आकाश में छोटा दिखाई देगा। वहीं, चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकटतम बिंदु के करीब होगा,जिससे वह बड़ा दिखाई देगा। इस संयोजन के चलते चंद्रमा सूर्य के प्रकाश को अधिक समय तक रोकने में सफल होगा, जिससे ग्रहण की अवधि लंबी हो जाएगी।

### ◆ पूर्ण सूर्यग्रहण भारत में दिखाई देगा या नहीं ?

सूर्यग्रहण अटलांटिक महासागर के ऊपर से शुरू होगा और इसकी लगभग 258 किलोमीटर चौड़ी छाया पड़ेगा। पूर्ण सूर्यग्रहण स्पेन, मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया और मध्य मिस्र के कुछ हिस्सों से होते हुए गुजरेगा। यह सूडान, यमन, सऊदी अरब और सोमालिया के क्षेत्र को भी कवर करेगा। आखिर में यह हिंद महासागर के ऊपर से निकलकर चागोस द्वीपसमूह से गुजरेगा। इसे देखने की इच्छा रखने वालों के लिए लीबिया और मिस्र के क्षेत्रों को अच्छा बताया गया है। जैसा कि इसके पथ से बता चलता है कि यह भारत में नहीं दिखाई देगा।

New Delhi

# दिल्ली-नोएडा समेत NCR में भारी बारिश, सड़कों पर भरा पानी, मुंबई भी खूब भीगी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों मौसम ने पूरी तरह से करवट ली हुई है. कल भी तेज बारिश हुई थी और आज फिर से भारी बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है. बता दें कि दिल्ली में कल (22 जुलाई) जमकर बरसात हुई. कई इलाकों में मूसलाधार बारिश से लुटियंस दिल्ली में भी जल जमाव हो गया. जिससे जनपथ रोड का एक हिस्सा जलमग्न हो गया तो जनपद से जंतर-मंतर रोड जाने वाली सड़क भी पानी में डूब गई, कई दुकानों में पानी भर गया. आज भी दिल्ली-नोएडा समेत एनसीआर के कई इलाके तेज बारिश के कारण जलमग्न हो गए हैं. सड़कों पर पानी भर जाने से ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो गई है. सुबह के समय



ऑफिस जानेवालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि, बारिश से गर्मी और प्रदूषण में कमी आई है, जो दिल्ली के लिए राहत की बात है. दिल्ली में मॉनसून की बारिश का यह समय हर साल कुछ इसी तरह होता है. मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बारिश की संभावना जताई है, जिससे नागरिकों को आगे भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है. मौसम विभाग ने दिल्ली के कुछ स्थानों (करावल नगर, सिविल लाइंस, दिलशाद गार्डन, सीमापुरी, कश्मीरी गेट, सीलमपुर, शहादरा, विवेक विहार, लाल किला, प्रीत विहार, राष्ट्रपति भवन, राजीव चौक, आईटीओ, इंडिया गेट, अक्षरधाम, सफदरजंग, लोदी रोड, नेहरू स्टेडियम, आर के पुरम, डिफेंस कॉलोनी, लाजपत नगर, हौजखास, मालवीयनगर, कालकाजी, महरौली, तुगलकाबाद, छत्तरपुर, इग्नू, डेरामंडी) में मध्यम गरज और बिजली (30-40 किमी/घंटा तेज़ हवाएं) के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की बात कही है.

New Delhi

## भारतीय वायु सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे पाकिस्तानी विमान

### सरकार ने 23 अगस्त तक बढ़ाई पाबंदी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत ने एक बार फिर पाकिस्तानी विमानों के अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर पाबंदी को बढ़ा दिया है। अब यह नोटिस टू एयरमेन (नोटम) 23 अगस्त 2025 तक प्रभावी रहेगा। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के मुताबिक, यह फैसला देश की मौजूदा रणनीतिक प्राथमिकताओं और सुरक्षा चिंताओं के अनुरूप लिया गया है।

विमानन और सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने मंगलवार को एक्स पर जानकारी दी कि भारतीय हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों के प्रवेश पर लगी पाबंदी को 23 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, हवाई क्षेत्र प्रतिबंध पर अपडेट — नोटिस टू एयरमेन (नोटम) के तहत पाकिस्तानी विमानों के भारत में प्रवेश पर लगी रोक को आधिकारिक रूप से 23 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। यह फैसला रणनीतिक परिस्थितियों और मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। यह प्रतिबंध उन सभी विमानों पर लागू होगा, जो पाकिस्तानी कंपनियों के स्वामित्व में हैं, उनके द्वारा संचालित या किराए पर लिए गए हैं, जिनमें सैन्य विमान भी शामिल हैं। यह पाबंदी सबसे पहले 30 अप्रैल 2025 को लागू की गई थी। यह फैसला 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में लिया गया था, जिसमें 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

Rajasthan

## परिक्रमा करते समय कांवड़ियों को लगा करंट, 2 की मौत, 32 से अधिक जख्मी... अलवर में बड़ा हादसा

**अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के अलवर में बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर बड़ा हादसा हुआ. कांवड़ की परिक्रमा के दौरान करंट लगने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि 32 घायल हो गए. यह घटना लक्ष्मणगढ़ के बीचगांवा में हुई. इससे गुस्साए लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया. दरअसल बुधवार सुबह कांवड़ चढ़ाने से पहले कांवड़ की परिक्रमा कर रहे कांवड़िए और ग्रामीण अचानक करंट की चपेट में आ गए. इस घटना में दो की मौत हो गई जबकि घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें से कुछ की हालत गंभीर है. लक्ष्मणगढ़ की तहसीलदार ममता कुमारी ने बताया कि बीचगांवा के लोग हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए थे. बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर कांवड़िए और गांव के लोग कांवड़ की परिक्रमा कर रहे थे. इस दौरान सभी कांवड़िए गांव के सरकारी स्कूल में रुके हुए थे. इस दौरान 11000 केवी की लाइन से कावड़ियों का रथ टच हो गया, जिससे आसपास करंट फैल गया और इसकी चपेट में आए कांवड़िए और ग्रामीण झुलस गए.

Jammu & Kashmir

## रियासी में भूस्खलन... चपेट में आने से दो की दर्दनाक मौत, शिव गुफा के पास टेंट में सो रहे थे दोनों

**जम्मू, (एजेंसी)** रियासी में मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को माहौर के बडोरा में शिव गुफा के पास भूस्खलन हो गया। इसकी चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह लोग रात को शिव गुफा बड़ोरा के पास टेंट में सो रहे थे।

इसी दौरान पहाड़ से मलबा आ गया। जिसने दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रशपाल सिंह (26) पुत्र सोबा राम निवासी तुली कालावन तहसील चसाना जिला रियासी और रवि कुमार (23) पुत्र पुरुषोत्तम कुमार निवासी चनैनी जिला उधमपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिव गुफा बड़ोरा में आज होने जा रहे कार्यक्रम को




लेकर यह लोग तैयारी करने के बाद रात को टेंट में सो रहे थे। मृतक रशपाल सिंह जेसीबी ऑपरेटर बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई।

खेल

# आईसीसी वूमन रैंकिंग : दीप्ति शर्मा ने लगाई लंबी छलांग इस स्थान पर पहुंचीं, स्मृति मंधाना की बादशाहत बरकरार

**नई दिल्ली। भारतीय टीम की स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने 10 स्थानों की छलांग लगाकर मंगलवार को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में 23वां स्थान हासिल कर लिया। वहीं, टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना की बादशाहत बरकरार है।**




### दीप्ति को मिला शानदार प्रदर्शन का फायदा

दीप्ति फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर हैं और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही हैं। पहले मुकाबले में उन्होंने 62 रनों की नाबाद पारी खेलकर मेजबानों के खिलाफ भारत को जीत दिलाई थी। दूसरे मुकाबले में उन्होंने 30 रनों की नाबाद पारी खेली। हालांकि, भारत यह मैच नहीं जीत पाया था। अब दीप्ति को उनके शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। वनडे की बल्लेबाजों की रैंकिंग में वह 10 स्थानों की छलांग लगाकर 23वें पायदान पर पहुंच गईं।

### मंधाना शीर्ष पर काबिज

इंग्लैंड की सोफिया डंकली ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में 92 गेंदों में 83 रन बनाए थे। अब उन्हें इस प्रदर्शन का फायदा मिला है। डंकली ने 24 स्थानों की छलांग लगाकर 52वां स्थान हासिल कर लिया। 53 रनों की शानदार पारी खेलने वाली एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स भी 40 स्थानों के लाभ के साथ 118वें पायदान पर पहुंच गईं। वहीं, मंधाना की बादशाहत पर कोई असर नहीं पड़ा है। वह 727 रेटिंग के साथ शीर्ष पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को पांच स्थानों का झटका लगा है। वह 21वें स्थान पर खिसक गईं।

**स्नेह राणा को मिला फायदा-** गेंदबाजों की बात करें तो पहले स्थान पर काबिज सोफी एक्लेस्टोन ने भारत के खिलाफ जारी इस सीरीज में चार विकेट लेकर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। उनकी रेटिंग 747 से 776 हो गई। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः एश्ले गार्डनर (724) और मेगन स्कट (696) हैं। वहीं, दीप्ति चौथे पायदान पर बनी हुईं हैं। स्नेह राणा 12 स्थानों की छलांग लगाकर 21वें पायदान पर पहुंच गईं।

सिनेमा

## सलमान खान की बालकनी पर क्यों लगा बुलेट प्रूफ ग्लास? एक्टर ने बताई वजह



बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान को कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. इसी वजह से उनकी सिक्योरिटी की पूरी तरह से टाइट की गई है. वो ना सिर्फ सिक्योरिटी गाड्र्स से घिरे रहते हैं बल्कि उनके घर की बालकनी में भी बुलेट प्रुफ ग्लास लगाए गए हैं. अब सलमान ने ऐसा करने के पीछे की असली वजह बताई है. सलमान हर साल की तरह ईद के मौके पर अपने परिवार के साथ बालकनी में आए और फैंस को इशारे से सलाम किया. फर्क सिर्फ इतना था कि इस बार सामने बुलेटप्रूफ शीशा लगा था. ये देख हर कोई शॉक हो गया. जब पूछा गया कि ये कदम क्यों उठाया गया, तो TOI से बातचीत में सलमान ने कहा कि ''ये कोई डर के कारण नहीं है. पहले कई बार कुछ फैंस यहां बालकनी पर चढ़कर भी सो जाते थे, इसलिए उस जगह को ढकना पड़ा.' इस बात से तो सभी वाकिफ हैं कि फैंस हर साल सलमान के घर के बाहर हजारों की तादाद में इकट्ठा होते हैं. हर कोई उनकी एक झलक को तरसता है. ऐसे में जब सलमान बालकनी में आकर उन्हें ईद की बधाई देते हैं, तो हर किसी का दिन बन जाता है. लेकिन इस साल की ईदी सलमान की तरफ से अलग तरीके से मिली. मुंबई में उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के बाहर गोलीबारी की घटना हुई. इसके बाद उनके घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई. वहां बुलेट प्रुफ ग्लास लगा दिया गया.

## Highlights

1. SC to hear plea challenging acquittal of all 12 convicts in 2006 Mumbai train blasts case
2. Told Rahul all will get chance to speak in Parliament: BJP MP Pal
3. We have no say in this: Kharge on Jagdeep Dhankar's resignation
4. Dhankhar was upset as Nadda, Rijiju skipped key meeting: Congress
5. Opp'n playing role of Kader Khan over VP's resignation: Nishikant
6. Karnataka bans use of sirens during VIP movements

# PayPal to link with India's UPI system through cross-border platform




**NEW DEIHI, (Agency).** Payments firm PayPal has partnered with the operator of India's popular unified payments interface and others to launch a global platform through which consumers can make cross-border payments to businesses.

The platform, PayPal World, will enable interoperability between local payment platforms and PayPal, the firm said in a statement on Wednesday.

Its partners for the platform include National Payments Corporation of India - India's payments authority that operates UPI, Brazil's Mercado Pago, Tencent Holdings' Tenpay Global and Venmo.

UPI dominates digital payments in India, accounting for about 85% of the total volume of retail digital payments, per regulatory data. "The integration of UPI on PayPal World's platform will mark a significant step in expanding UPI's global footprint," said Ritesh Shukla, managing director and CEO of NPCI International Payments Limited. India has been in talks with countries in Africa and South America to help them build a digital payments system using UPI as a blueprint.

PayPal's platform is expected to go live later this year. The firm intends to add more partners going forward.

# ITR filing 2025 last date extended | All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** The last date for the filing of Income Tax Returns (ITR) for the financial year 2024-25 (Assessment Year 2025-26) has been extended.

The Central Board of Direct Taxes has released a new deadline for ITR filing for non-audit cases, including salaried taxpayers. The final date to file the ITR for them has now been moved to September 15, 2025, from the earlier date July 31, 2025, according to the CBDT circular.

Filing beyond this date will lead to a penalty of ₹5,000 (if




income exceeds ₹5 lakh) and ₹1,000 for lower income groups under Section 234F.

Belated or revised returns can be filed till December 31, 2025, and updated returns (ITR-U) can be filed till March 31, 2030.

However, while the date for the filing of the return has been extended, the payment of any due self-assessment taxes must be finished by July 31. If not, penal interest under Section 234A may be accrued.

The extension comes after alleged delays in the availability of updated ITR forms and e-filing facilities on the Income Tax Department's portal. Apart from this, the late reflection of TDS data in Form 26AS and AIS also led to challenges for the taxpayers, who urged for extension to ensure precise filing.

The deadline extension also leads to a positive reflection on the refund interests. Taxpayers who are due refunds may get up to 33 per cent higher interest under Section 244A. This is because the interest is accrued from April 1, despite the extension.

**मीडियाकर्मी बनकर व्यापारी को धमकाया**

# अवैध कॉलोनी काटने के नाम पर एक लाख रुपए मांगे, दो पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खुड़ैल क्षेत्र में कट रही एक कॉलोनी को लेकर एक अनाज व्यापारी को लगातार मोबाइल पर धमकियां मिल रही थीं। इससे पहले उसे जंजीरवाला चौराहे पर बुलाकर मीडियाकर्मी बनकर एक व्यक्ति ने धमकी दी थी। इस मामले में अनाज व्यापारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा। इस पर पुलिस ने खुद को मीडियाकर्मी बताने वाले व्यक्ति और उसके साथी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

खुडैल पुलिस ने बताया कि दिनेश पटेल ग्राम पिवड़ाय में रहते हैं और अनाज का व्यापार करते हैं। उनकी शिकायत पर रितेश उर्फ गोलू, पुत्र मोहनलाल राठौर निवासी पिवड़ाय, और उनके साथी राजेन्द्र खंडेलवाल निवासी इंदौर के खिलाफ एक लाख रुपए की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, दिनेश पटेल ने बताया कि वेंकटेश विहार के पास उन्होंने तालाब के किनारे एक कॉलोनी विकसित की थी। मई माह में उनके पास एक मोबाइल नंबर से राजेन्द्र खंडेलवाल नामक व्यक्ति का कॉल आया। उसने दिनेश को मिलने के लिए जंजीरवाला चौराहे पर बुलाया। जब दिनेश वहां पहुंचे, तो राजेन्द्र ने खुद को मीडियाकर्मी बताया और कहा कि उन्होंने कम्पेल के पास अवैध कॉलोनी काटी है। इसके एवज में उसने एक लाख रुपए की मांग की और धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए, तो वह इस संबंध में खबर छपवा देगा, जिससे कार्रवाई हो जाएगी। अवैध कॉलोनी काटने की बात से दिनेश पटेल ने इनकार किया और कहा कि उसने कोई गलत काम नहीं किया है। इसके बाद दिनेश मौके से चले गए। इसके बाद कई बार राजेन्द्र कॉल करता रहा। फिर रितेश उर्फ गोलू का कॉल आया। उसने कहा कि खंडेलवाल की बात मान लो, नहीं तो दिक्कत हो जाएगी। 17 जुलाई 2025 को जब दिनेश पटेल वेंकटेश विहार में थे, तब वहां रितेश उर्फ गोलू राठौर आया और अवैध कॉलोनी काटने की बात करते हुए राजेन्द्र की बात मानने का दबाव बनाने लगा। फिर उसने राजेन्द्र से बात भी कराई। जब दिनेश ने बात नहीं मानी, तो उन्होंने धमकी दी कि अब अखबार में खबर छप जाएगी, तभी समझ आएगा। इसके बाद दिनेश ने परिवार से बात की और अगले दिन दोनों के खिलाफ एक आवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा, साथ ही कुछ रिकॉर्डिंग भी दी। पुलिस ने जांच के बाद दोनों को आरोपी बनाया है।

# 12 साल की बच्ची की रहस्यमयी मौत से फैली सनसनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लसूड़िया क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी-1 में रहने वाली 12 वर्षीय अंजलि लश्करी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन के अनुसार, बच्ची को अचानक घबराहट और सीने में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद उसकी मां बबीता उसे पास के एक डॉक्टर के पास लेकर गई। डॉक्टर ने प्राथमिक जांच के बाद अंजलि को एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बबीता एक घरेलू सहायिका का कार्य करती हैं, उन्होंने बताया कि वह काम से घर लौटीं तो अंजलि घबराई हुई थी। उसकी हालत देखकर वह तुरंत उसे अस्पताल लेकर गईं। बबीता ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद अंजलि ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट से ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के अनुसार, अंजलि अपनी मां और दो बहनों के साथ रहती थी। पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी, जिससे परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह मां बबीता पर थी। अंजलि तीन बहनों में सबसे छोटी थी और घटना के समय उसकी दोनों बड़ी बहनें भी घर पर ही मौजूद थीं। अचानक हुए इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है। लसूड़िया पुलिस का कहना है कि बच्ची की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, इसलिए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि यह कोई मेडिकल इमरजेंसी थी या किसी और वजह से बच्ची की जान गई।

# बुलेट दिलाने के बहाने 1.60 लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जूनी इंदौर पुलिस ने सीजिंग की बाइक दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसने छात्र से रुपए लेने के बाद भी बुलेट नहीं दी। ईडब्ल्यूएनएक्स निवासी रूद्र गुप्ता की शिकायत पर लालबाग निवासी विक्की उर्फ उज्जवल पिता नवीन जैन के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि रूद्र बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। विक्की जैन उसका परिचित है। उसने बताया था कि यार्ड में सीजिंग की हुई बुलेट बिकने के लिए खड़ी है। विक्की ने कहा कि सस्ते में मिल सकती है। उनकी कंडीशन भी अच्छी है। रूद्र ने बुलेट लेने की इच्छा जताई। तब विक्की के दोस्त अर्पित टॉक ने कुछ फोटो व्हाट्स ऐप पर भेजे। गाड़ी पसंद आई तो रूद्र 22 जनवरी को पिता को लेकर बुलेट लेने अर्पित टॉक की दुकान पर पहुंचा। वहां विक्की ने बताया कि अर्पित श्रीराम फायनेंस में सीजिंग की गाड़ी का काम देखता है। बुलेट गाड़ी की जानकारी लेने के बाद 1 लाख 60 हजार रुपए में सौदा किया। इसके बाद अलग-अलग किश्त में रुपए दिए गए। विक्की के कहने पर जितेंद्र चौहान, कैलाश और अन्य के खातों में रुपए ट्रांसफर कराए। लेकिन, विक्की ने बुलेट देने में थोड़ा समय लगने की बात कही। कुछ दिन टालने के बाद विक्की ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया। अब वह न बाइक दे रहा है और न रुपए लौटा रहा है।

# बाइक चुरा रहे बदमाश को लोगों ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भंवरकुआ में बाइक चुराने गए एक बदमाश को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने पूछताछ की तो चोरी की और बाइकों की जानकारी मिल गई। अब उसके 3 साथियों की तलाश की जा रही है।

टीआई राजकुमार यादव के मुताबिक- टीम ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले में बयार राज पुत्र सुभाष कर्मा निवासी राजपुर बड़वानी को गिरफ्तार किया है। जबकि धार के रहने वाले उसके साथी लक्ष्मण बघेल, सुनील बघेल और दीपक फरार हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 10 बाइके जब्त की है। ये बाइक भंवरकुआ के साथ ही आसपास के इलाकों से चुराई गई थी।सूत्रों के मुताबिक करीब 4 दिन पहले बयार राज इलाके में अपने साथी के साथ बाइक चोरी कर रहा था। इस दौरान लोगों ने उसे पकड़ लिया। बयार का साथी भीड़ से बचकर फरार हो गया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने कुछ गाड़ियां और साथियों की जानकारी दे दी। पुलिस अब बाकी साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक बयार ने भंवरकुआ इलाके में कमरा किराए से लिया हुआ था। वह अपने साथियों के साथ यहां रह रहा था।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक